# 22 फरवरी को साफा पहनकर हेरिटेज वॉक में शामिल होंगे कोटवासी

■ गढ़ पैलेस में होगा कचौरी फेस्ट का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। 21 फरवरी से शुरू हो रहे दो दिवसीय कोटा महोत्सव 2026 के तहत 22 फरवरी को प्रात: 7 बजे हैरिटेज वॉक का आयोजन होगा। हेरिटेज वॉक में कोटावासी साफा पहनकर शामिल होंगे। हेरिटेज वॉक मथुराधीश मंदिर से प्रारम्भ होकर गढ़ पैलेस, कैथूनीपोल होते हुए सुभाष चौक होकर रामपुरा कोतवाली तक निकाली जाएगी। इसके तहत गढ़ पैलेस के दरीखाने में कचौरी फेस्ट का आयोजन होगा।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम आयुक्त ओपी मेहरा, केडीए सचिव मुकेश चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हेरिटेज वॉक के रूट की विजिट कर व्यवस्थाएं देखी। रूट विजिट में अधिकारी मथुराधीश मंदिर से होते हुए गढ़ पैलेस, कैथूनीपोल थाना, श्रीपुरा, सुभाष चौक, सब्जी मंडी होते हुए रामपुरा कोतवाली पहुंचे और पूरे रूट पर सफाई, अवरोधकों आदि का जायजा लिया।

नगर निगम आयुक्त ने हेरिटेज वॉक के मार्ग पर सफाई व्यवस्था सुचारू रखने और मार्ग पर अस्थाई रूप से बने किसी भी कचरा पॉइंट हटाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने हेरिटेज वॉक के मार्ग पर स्थानीय व्यापारियों को दुकानों के बाहर कचरा पात्र रखने एवं कचरा इधर-उधर नहीं फैलाने की अपील की। रूट विजिट के दौरान होटल फेडरेशन आफ राजस्थान कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी तथा विभिन्न व्यापार संघ के पदाधिकारी भी साथ थे।

निरोगी कोटा में होगा विशेषज्ञ चिकित्सकों का टॉक शो:- कोटा महोत्सव के तहत 22 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में नंदी घाट, रिवर फ्रंट पर प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाले निरोगी कोटा कार्यक्रम के तहत कोटा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के टॉक शो होंगे। टॉक शो में शामिल लोग विशेषज्ञ चिकित्सकों से सवाल भी पूछ सकेंगे और स्वास्थ्य संबंधी उनकी शंकाओं का समाधान पूछ सकेंगे। निरोगी कोटा कार्यक्रम में डॉ. मामराज अग्रवाल, डॉ. अशोक शारदा, डॉ. नितेश बौद्ध, डॉ. शुभम जोशी सहित अन्य शामिल होंगे। 21 एवं 22 फरवरी को प्रात: 11 से सायं 6 बजे के बीच किशोर सागर तालाब पर फ्लावर शो आयोजन होगा। दोनों दिन सायं 6 से 7 बजे तक किशोर सागर तालाब पर पुलिस, आर्मी एवं आरएसी द्वारा बेंड वादन प्रस्तुत किया जाएगा।

# सांगोद के विकास को मिल रही नई गति, पॉलिटेक्निक कॉलेज, 132 जीएसएस की सौगात



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांगोद विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है।

■ कनवास, मांदलिया और कसार में 47 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

**कोटा** (नि.स.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सांगोद विधानसभा के कनवास में 37 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस दौरान 18 करोड़ रुपए की लागत से बने 132 केवी जीएसएस का लोकार्पण तथा धूलेट व खजूरना में 33-33 केवी के जीएसएस सहित प्रस्तावित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया। बिरला ने कहा कि पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पेयजल सुविधाओं में लगातार सुधार हुआ है। किसानों को अब दिन में बिजली मिल रही है और घर-घर जल पहुंचाने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है। खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है।उन्होंने कहा कि विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है। गर्भवती महिलाओं के पोषण, मोबाइल मेडिकल यूनिट से स्वास्थ्य जांच और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि 2 वर्ष में ही सांगोद विधानसभा क्षेत्र में 33/11 केवी के 15 नए जैसे स्वीकृत कराए हैं। सांगोद में 400 केवी का जीएसएस बनकर चालू हो गया है। इनसे गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली मिलना प्रारंभ हो गई है। आज किसानों को 6 घंटे दिन में बिजली देना सुनिश्चित किया गया है। पहले चूल्हा चौका करते हुए बिजली ट्रिप कर जाती थी तो बहुत परेशानी होती थी। अब उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिल रही है। खजूरना, गिरधरपुरा धूलेट में जीएसएस बनने से आवा जीएसएस का लोड कम होगा और बिजली की गुणवत्ता में सुधार होगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज का फायदा पूरे पूरे हाड़ौती क्षेत्र को मिलेगा।

**मांदलिया-कसार में 10 करोड़ से अधिक के कार्य:-** मांदलिया ग्राम पंचायत में करीब 10 करोड़ 30 लाख रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत की गई। 50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन बनेगा तथा विद्यालयों में नए कक्ष, बाउंड्री और खेल मैदान विकसित किए जाएंगे।

हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा और 25 लाख रुपये तक नि:शुल्क इलाज जैसी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। कसार में भी विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। यहां 50 लाख रूपए से सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। पेयजल समस्या के समाधान और चंबल का पानी खेतों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य आगे बढ़ रहा है।

विधायक कल्पना देवी ने कहा कि दो वर्षों में ही लाडपुरा क्षेत्र को अनेकों सौगात मिली है। लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में हमने जो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया है उसे पूरा करेंगे। एक पंचायत में करोड़ों रुपए के कामों की शुरूआत इसकी बानगी है। जो बरसों से इस क्षेत्र की समस्याएं थी वो अब एक एक करके पूरी हो रही है।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, सुल्तानपुर प्रधान कृष्णा शर्मा भी मौजूद रहे।

# अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत् कार्यवाही करते हुए तीन अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान के लिये शहर के समस्त थानाधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक डॉक्टर पूनम के सुपरविजन में रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तीन अवैध हथियार मय दो जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने कार्यवाही के दौरान पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से 3 अवैध देशी कट्टे व दो जिंदा कारतूस बरामद किये है। शहर एसपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमो में रेलवे कॉलोनी थाने के सहायक उप निरीक्षक शूरवीर सिंह ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान लोको कॉलोनी में कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस सहित बोम्बे योजना निवासी अली हुसैन (20) को गिरफ्तार किया है। वही रेलवे कॉलोनी के सहायक उप निरीक्षक राजूराम ने मय जाप्ता माल गोदाम के समीप कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा सहित वार्ड नम्बर छह तलाईपाड़ा अंता हाल बोम्बे योजना निवासी फैजल उर्फ सैजल (19) को गिरफ्तार किया है।

रेलवे कॉलोनी थाने के उप निरीक्षक रामसिंह ने मय जाप्ता लॉको कॉलोनी क्षेत्र के सक्षम केन्द्र के समीप कार्यवाही करते हुए नेहरू कॉलोनी थाना नयापुरा हाल रेलवे कॉलोनी क्षेत्र निवासी अब्दुल करीम उर्फ हकला (31) से अवैध देशी कट्टा सहित जिंदा कारतूस बरामद किया।


## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-3247 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-13.02.26

आवास संख्या 2-थ-11 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री हरिया मल पुत्र श्री भागू मल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री हरिया मल पुत्र श्री भागू मल द्वारा दिनांक 16.02.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री हरिया मल पुत्र श्री भागू मल की मृत्यु दिनांक 10.01.2015 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती पारी बाई की मृत्यु दिनांक 20.10.2008 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती जयश्री बसनतानी पुत्री स्व. श्री हरिया मल पत्नी श्री प्रकाश चन्द बसनतानी, श्रीमती प्रीती जगवानी पुत्री स्व. श्री हरिया मल पत्नी श्री विशन दास जगवानी एवं श्री देवन दास प्रेमानी पुत्र स्व. श्री हरिया मल द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये परित्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 17.08.2022 को श्री शंकर लाल प्रेमानी पुत्र स्व. श्री हरिया मल के पक्ष में किया गया। श्री शंकर लाल प्रेमानी पुत्र स्व. श्री हरिया मल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-थ-11 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परित्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परित्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री शंकर लाल प्रेमानी पुत्र स्व. श्री हरिया मल के नाम करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री शंकर लाल प्रेमानी पुत्र स्व. श्री हरिया मल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री शंकर लाल प्रेमानी पुत्र स्व. श्री हरिया मल के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

## कार्यालय:- प्रधानाचार्य, राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बून्दी (राज.)

राष्ट्रीय-राजमार्ग : 52, तालाब गाँव - 323001

ई-मेल आई.डी. : gmcbundi29@rajasthan.gov.in

क्रमांक/स्टोर/2026/12 दिनांक-14.02.26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बून्दी में आयोजित होने वाले वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 2026 हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्रियाँ यथा टेन्ट, डेकॉरेशन, साउण्ड एवं आर्ट्स आईटम की आपूर्ति हेतु पंजीकृत/अनुभवी बोलिदाताओ, संवेदको से निविदा के माध्यम से बंद लिफाफे में दिनांक 14.02.2026 से दिनांक 20.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा का UBN No. MES2526SSOB00183, एवं NIB Code MES2526A0172 है।

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय**
**बून्दी (राज.)**

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ11/ विक्रय/2026/829 **विज्ञप्ति** दिनांक : 13.02.2026

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-685 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर योजना का आवंटन न्यास के पत्र कमांक 565 दिनांक 13.12.2000 द्वारा श्री दिनेश महर्षि पुत्र श्री किशनस्वरूप को आंवटित किया गया था। श्री दिनेश महर्षि के द्वारा श्री दिनेश कुमार झाम पुत्र श्री नानकचन्द झाम को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 20.12.2012 को श्रीमती गीता झाम्ब पत्नि श्री दिनेश कुमार झाम्ब को कर दिया गया। क्रेता श्रीमती गीता झाम्ब पत्नि श्री दिनेश कुमार झाम्ब अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास /भूखण्ड संख्या-685 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर योजना का नाम हस्तांतरण श्रीमती गीता झाम्ब पत्नि श्री दिनेश कुमार झाम्ब के नाम कर दिया जावेगा। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2001 **विज्ञप्ति** दिनांक : 27.1.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम शिव नगर योजना ''रामपुरा'' खसरा नं. 566 पुराना 836 में स्थित भूखण्ड संख्या 10-11 आवेदक/आवेदिका श्रीमती साधना शुक्ला पत्नि श्री अजय शुक्ला व श्रीमती प्रतिभा शुक्ला पत्नि श्री रवि शुक्ला एवं निखिल शुक्ला पुत्र श्री प्रमोद कुमार शुक्ला निवासी मकान नं. 10-11, शिव नगर, पुलिस लाईन, बांरा रोड़, कोटा राज. द्वारा पट्टा जारी करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। खातेदार गुलाब सिंह पुत्र भीम सिंह राजपूत द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये मुख्तारआम दिनांक 15.04.1989 को ओम प्रकाश गर्ग पुत्र सोहनलाल गर्ग को किया गया। खातेदार ओम प्रकाश गर्ग पुत्र सोहनलाल गर्ग द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 22.05.1989 को श्री नूर मोहम्मद पुत्र श्री बादुल्ला खां को किया गया। खातेदार श्री नूर मोहम्मद पुत्र श्री बादुल्ला खां द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 08.07.1992 को श्री इन्द्रदेव शुक्ला पुत्र बृजनारायण शुक्ला को किया गया। क्रेता श्री इन्द्रदेव शुक्ला की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 02.03.2011 एवं उसकी पत्नि मालती देवी की मृत्यु दिनांक 16.12.2022 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान शपथ पत्र अनुसार पुत्र अजय शुक्ला, व प्रमोद कुमार, रवि कुमार है। वारिसान अजय शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, रवि शुक्ला द्वारा जर्ये अनरजिस्टर्ड दान पत्र उक्त भूखण्डो में निहित अपना हिस्सा क्रमशः श्रीमती साधना शुक्ला पत्नि श्री अजय शुक्ला व श्रीमती प्रतिभा शुक्ला पत्नि श्री रवि शुक्ला एवं निखिल शुक्ला पुत्र श्री प्रमोद कुमार शुक्ला के पक्ष में कर दिया है। दानग्रहिता श्रीमती साधना शुक्ला पत्नि श्री अजय शुक्ला व श्रीमती प्रतिभा शुक्ला पत्नि श्री रवि शुक्ला एवं निखिल शुक्ला पुत्र श्री प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा अपने पक्ष में पट्टा बनाने हेतु आवेदन दिया है।

अत: श्रीमती साधना शुक्ला पत्नि श्री अजय शुक्ला व श्रीमती प्रतिभा शुक्ला पत्नि श्री रवि शुक्ला एवं निखिल शुक्ला पुत्र श्री प्रमोद कुमार शुक्ला को अनुमोदित ले-आउट प्लान अनुसार पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन

**नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

**मुकदमा नम्बर 45/2026**

श्री कोशल किशोर शर्मा उर्फ शिव प्रसाद शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द शर्मा, नीलकण्ठ महादेव के पास, रेतवाली, कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत ''प्रन्यास स्वयंभु शिव शक्ति सेवा समिति''नीलकण्ठ महादेव के पास, रेतवाली, कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 16.04.2026 है।

**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**

**राजस्थान सरकार**

## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन

**नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

**मुकदमा नम्बर 48/2026**

चूंकि श्री केशव बागला पुत्र श्री किशन बिहारी निवासी झाली जी का बराना, तहसील के.पाटन जिला बून्दी अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत ''प्रन्यास मन्दिर श्री दूदाधारी जी महाराज'' ग्राम गेण्डोलीखुर्द, तहसील के.पाटन जिला बून्दी राजस्थान में प्रन्यासियों के परिवर्तन को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किये जाने के लिये प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 17.03.2026 है।

**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**


## सार-समाचार

### बकाया वसूली के लिए विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत आयोजित

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं आई.डी.बी.आई के विभिन्न ऋण खातों की बकाया वसूली के लिए विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा-माटूण्डा चैराहा (शीश महल होटल) स्थिति मुख्य शाखा परिसर में किया गया। इस विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत बैंच की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी (लिंक अधिकारी) सिद्धान्त सक्सेना द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया दीपक कुमार एवं मुख्य प्रबन्धक आई.डी.बी.आई हेमंत कुमार, कॉउन्सलर पैनल अधिवक्ता महेन्द्र कुमार शर्मा (चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउसिंल), मोहम्मद कामरान खान एवं कुमारिल भट्ट (असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉउसिंल) उपस्थित रहे। पक्षकारों को लोक अदालत के लाभ बताये गये। इस बून्दी जिला न्यायक्षेत्र में विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत में राजीनामें के माध्यम से 14 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 15,50,500/- रूपये की अवार्ड राशि पारित की गई।लोक अदालत में शीघ्र व सुलभ न्याय मिलता है। निर्णय की कोई अपील नहीं होती है। सिविल कोर्ट के आदेश की तरह पालना होती है, कोर्ट फीस की वापसी होती है, विवाद का अन्तिम रूप से निपटारा व समय की बचत होती है। आमजन से अपील की जाती है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठायें।

### असन्तुलित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**बूंदी** (निसं)। जिले के देईखेडा क्षेत्र के बहदावली गांव में खेत से सरसो लेकर आ रहे ट्रेक्टर के असन्तुलित होकर पलटने से उसकी चपेट में आने ट्रेक्टर चालक किसान की मौत हो गई देईखेड़ा पुलिस थाने के ए एस आई कन्हैयालाल मीणा ने बताया कि शनिवार को बहदावली गांव निवासी किसान बजरंग लाल मीणा आत्मज किशन लाल मीणा (52) अपने खेत मे सरसो की फसल निकाल कर ट्रॉली में भर कर घर लेजा रहा था तो खेत से निकालते समय अचानक असन्तुलित पलट गया जिसके नीचे दबने से चालक बजरंग लाल की मौत हो गई सूचना पर मौके पर पहुच कर जेसीबी मशीन से ट्रेक्टर हटा कर शव को निकाला और देईखेडा राजकीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। प्रकरण दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी। पूर्व सरपंच पवन मीणा समाजसेवी बाबूलाल मीणा ने आदि ग्रामीणों ने मृतक के परिवार कमजोर आर्थिक स्थिति देखते हुए आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### दिलीप कुमार मानद डॉक्टरेट से सम्मानित

**बूंदी** (निसं)। भारत स्काउट गाइड में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कोटा मंडल के पद पर कार्यरत एवं हेल्प इन रिस्क संस्थान, बूंदी के मार्गदर्शक दिलीप कुमार माथुर को ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान चेन्नई स्थित भारतीय विद्या भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।उन्हें यह सम्मान समाजसेवा, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास तथा भारत स्काउट-गाइड आंदोलन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।इस अवसर पर डॉ. दिलीप कुमार माथुर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय भारत स्काउट-गाइड परिवार, अपने माता-पिता के आशीर्वाद, वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन तथा सहयोगी साथियों को देते हुए कहा कि यह सम्मान सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# पांच दिवसीय शिवरात्रि मेला आज से

**छबड़ा** (निसं)। नगर में स्थित नागेश्वर पहाड़ी पर नगर पालिका द्वारा पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार गहलोत ने बताया की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागेश्वर रंग मंच पर आज से पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, 15 फरवरी को स्कूली बच्चों के द्वारा रंग रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, 16 फरवरी को फूल होली, गोरबंद, 17 फरवरी को राजस्थानी लोक नृत्य, 18 फरवरी को लाफ्टर शो व 19 फरवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में गूंजेंगे जयकारे

**छबड़ा** (निसं)। शहर में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति व आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर शिवालयों में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। शिव मंदिरों में सुबह से ही पुजारियों व आचार्यों के सानिध्य में कई धार्मिक आयोजन शुरू होंगे जो रात भर चलेंगे।

महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों को विशेष रोशनी से सजाया गया है। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कैलाश पर्वत पर विराजमान नागेश्वर बाबा, प्राचीन किले मे स्थित शिव मंदिर, बाहरी दरवाजा स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव, मामलटोपा में पहाडी में स्थित महादेव मंदिर, गांव निपानियां में पहाडी पर शिव मंदिर सहित ग्रामीण अंचल के अनेको कई शिव मंदिरों को सजाया गया है।

शिव मंदिरों में सुबह से ही अभिषेक शुरू हो जाएंगे। भक्तगण दुग्धाभिषेक, भांग का अभिषेक, जलाभिषेक कर भोले को रिझाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान कई लोग शिवजी को प्रिय बिल्व पत्र तथा धतूरा चढ़ाकर भी मन्नत मांगेंगे।

**जयकारों से गूंजेंगे मंदिर:-** सुबह से ही शिवमंदिरों में टंकोर बजने के साथ जयकारों का दौर शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंदिरों में पूरे दिन बम बम भोले, जय शिव शंकर, भोलेनाथ की जय सहित अन्य जयकारों से माहौल गूंजायमान रहेगा।

**शिवभक्तों में गजब का उत्साह:-** महाशिवरात्रि का पर्व लेकर शिवभक्तों में काफी उल्लास नजर आ रहा है। ओम नम: शिवाय, हर-हर महादेव, बोल बम के जयघोष शुक्रवार को शहर की फिजा में भोर से गूंज उठेंगे। शिवालयों व शिवमंदिरों में सुबह से देर रात तक शिव की आराधना की जाएगी। शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। कहीं, रूद्राभिषेक व महाश्रृंगार को श्रद्धालु उमड़ेंगे तो कहीं महामृत्युंजय व शिव चालीसा के स्वर गूंजेंगे।

**भगवान शिव की महिमा का बखान:-** शनिवार को नागेश्वर बाबा मंदिर परिसर में संगीतमय रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान शिव की महिमा का बखान किया। वहीं गायक कलाकारों द्वारा गाए भजनों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। यहां देर रात्रि तक धार्मिक माहौल बना रहा।

# वायु प्रदूषण भी बन रहा हार्ट अटैक की वजह : डॉ. साकेत गोयल

**कोटा,** (निसं)। जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर लम्बे समय से प्रयासरत हम लोग संस्था की बैठक शनिवार को नयापुरा में आयोजित की गई।

संस्था के संयोजक डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि बैठक में कोटा के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. साकेत गोयल मुख्य अतिथि थे। बैठक में शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर गहरी चिंता जताते हुए डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि हम लोग संस्था लम्बे समय से शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अभियान चला रही है। इसी के तहत शनिवार को वायु प्रदूषण का हृदय रोगों से संबंध विषय पर व्यापक चर्चा की गई। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. साकेत गोयल ने कहा कि वायु प्रदूषण, विशेषकर महीन कण (पीएम 2.5), सीधे तौर पर हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हृदय विफलता का खतरा बढ़ाता है। प्रदूषित हवा सांस के साथ शरीर में जाकर नसों में सूजन पैदा करती है, रक्त को गाढ़ा और धमनियों को सख्त करती है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होती है और यह हाई ब्लड प्रेशर का कारण बनती है। यह दिल के मरीजों के लिए बेहद जानलेवा है। प्रदूषक रक्त को गाढ़ा कर देते हैं, जिससे धमनियों में थक्के (क्लॉट) बनने का खतरा बढ जाता है। जो सीधे हार्ट अटैक का कारण बन सकते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप में महत्वपूर्ण वृद्धि होती है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। प्रदूषित हवा के कारण हृदय को कम ऑक्सीजन मिलती है, जिससे हृदय की पंपिंग क्षमता कमजोर हो सकती है। वायुप्रदूषण से दिल और फेफड़ों के मरीज, जिन्हें पहले से हृदय रोग (सीएचडी) है।

बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग, धूम्रपान करने वाले लोग आदि को अधिक खतरा होता है। डॉ. साकेत गोयल ने कहा कि वायु प्रदूषण को रोकना इस समस्या का स्थाई समाधान है, लेकिन तत्काल इससे बचाव के लिए वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की जांच करें, जब प्रदूषण का स्तर अधिक हो, तो बाहर जाने से बचें। बाहर निकलते समय एन95 या एन99 मास्क का प्रयोग करें। धूम्रपान न करें, नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ आहार लें। वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कार्य कर रहे मैनक सेठी ने कहा कि हम मानते हैं कि कोटा में वायु प्रदूषण कम है, लेकिन यह सही नहीं है। उन्होंने कोटा में व दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर काफी अध्ययन के बाद यह जाना है कि दिल्ली मेट्रो से ज्यादा कोटा में प्रदूषण है।

तलवंडी, कोटडी जैसे इलाके में रात 9.30 बजे प्रदूषण का आंकड़ा 300 से 350 एक्यूआई था। ऐसे में कोटा में भी वायु प्रदूषण के खतरे को नजर अंदाज करना घातक है। संस्था के संयोजक डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि कोटा शहर में वायु प्रदूषण के खतरे से लोगों को जागरूक करने तथा यहां वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हम लोग संस्था की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। संस्था की ओर से कोटा थर्मल से निकलते जहरीले धुएं से हो रहे वायु प्रदूषण को रोकने के लिए बड़े अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। शहर में वाहनों के धुएं से हो रहे वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हम लोग संस्था की ओर से इलेक्ट्रिकल व्हीकल को प्रोत्साहन देने के लिए भी लोगों में जागरूकता लाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। हम लोग संस्था के जय लक्षवानी, पर्यावरणविद राजू गुप्ता आदि ने भी बैठक को संबोधित किया।

बैठक में शकील विलियम्स, नेचर प्रमोटर ए.एच.जैदी, वन एवं औषधि विशेषज्ञ पृथ्वीपाल सिंह, सुशील सिंह, कुंदन चीता, एडवोकेट बीटा स्वामी, कोटा थर्मल के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता रवि गोयल, प्रमोद चतुर्वेदी, श्याम मनोहर हरित, सौरभ मेहता, पर्यावरणविद राजू गुप्ता, अशोक शर्मा, अजय चौधरी, जितेंद्र हाड़ा, शक्ति सिंह, राहुल सेठी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# श्री शिव नवरात्र महोत्सव पर बाबा का भव्य सेहरा श्रृंगार और महाआरती हुई

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर में श्री शिव नवरात्र महोत्सव के पावन पर्व पर अष्टम दिवस 14 फरवरी शनिवार को बाबा का दरबार भव्य व आकर्षक भव्य सेहरा श्रृंगार करके सजाया गया, वहीं बाबा की महाआरती हुई। नवरात्र के दौरान रोज अलग-अलग आकर्षक श्रृंगार करके बाबा के दरबार को सजाया जा रहा है, जो दर्शकों का मन मोह रहा है तथा दर्शनार्थ बाबा के भक्तों का दिन प्रतिदिन हुजूम उमड़ने लगा है। इसी क्रम में 15 फरवरी रविवार को भोले बाबा की भव्य बारात का आयोजन होगा। जो दोपहर 2 बजे श्री शिव मानस मंदिर राजस्थान मील से प्रारंभ होकर परंपरागत मार्ग से होती हुई पुन: शिव मानस मंदिर पंहुचेगी। बारात में बैंड डीजे ढोल एवं करीब 3 झांकीयों सहित एक चलित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिसमें सभी स्नेही बंधु माताएं बहनें बुजुर्ग सपरिवार इष्ट मित्रों सहित आमंत्रित किये गए हैं।

# सुवि नेत्र चिकित्सालय में राजस्थान का प्रथम टेक्निस ओडिसी लैंस का सफल प्रत्यारोपण




डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय द्वारा अत्याधुनिक टेक्निस ओडिसी लैंस का राजस्थान में प्रथम सफल प्रत्यारोपण किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। शहर के सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर में मोतियाबिंद सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अत्याधुनिक टेक्निस ओडिसी लेंस का राजस्थान में पहली बार सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह सर्जरी मरीज कोटा निवासी कैलाश चंद जैन की बायीं आंख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

ऑपरेशन के बाद मरीज ने अपनी दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार, स्पष्टता और बेहतर विजन अनुभव होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। चिकित्सकों के अनुसार यह अत्याधुनिक लेंस नई फुल विजुअल रेंज तकनीक पर आधारित है, जो मरीजों को दूर, पास और मध्यम दूरी -जैसे कंप्यूटर पर काम करना या वाहन का डैशबोर्ड देखना, तीनों में उत्कृष्ट दृष्टि प्रदान करता है। नेत्र सर्जन डॉ. सुरेष पाण्डेय ने बताया कि यह लेंस पारंपरिक मल्टीफोकल लेंसों की तुलना में कम रोशनी में बेहतर कंट्रास्ट देता है तथा ग्लेयर और हेलोज जैसी समस्याओं को न्यूनतम करता है। इससे मरीजों को बिना चश्मे के अधिक प्राकृतिक और आरामदायक दृष्टि मिलती है।

इस सर्जरी में डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. सत्येन्द्र कुमार गुप्ता और डॉ. निपुण बागरेचा सहित विशेषज्ञ टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मरीज कैलाश चंद जैन ने सफल सर्जरी और उत्कृष्ट परिणामों के लिए पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

सुवि नेत्र चिकित्सालय की टीम ने इसे कोटा के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि अब शहर के मरीजों को विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाएं अपने ही शहर में उपलब्ध हो रही हैं। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा तकनीक में प्रगति का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र के मरीजों के लिए बेहतर और आधुनिक उपचार का नया विकल्प भी प्रस्तुत करती है।

